एन पी सी सी
NPCC
PROJECT EXCELLENCE SINCE 1957

एन. पी. सी. सी. इनसाइट

# NPCC Insight

Issue : 04 Vol : 01

सितम्बर – अक्टूबर 2006

## NPCC Registers a Profit of RS. 2.26 Crores

NPCC Registers a profit of RS. 2.26 Crores Page - 1

क्षेत्रीय प्रबन्धकों का सम्मेलन पृष्ठ संख्या – 1

हिन्दी प्रतियोगितायें सम्पन्न पृष्ठ संख्या –2

Successful Boiler Light-up at New Parli Thermal Project Page - 2

Foundation Stone laid for College of Fisheries Lambucherra Tripura Page - 3

नई ऊंचाईयां छूने को उद्यत –एनपीसीसी पृष्ठ संख्या –3

Shri N.V. Natarajan Bags Vijay Shree Award Page - 3

विश्वकर्मा पूजन पृष्ठ संख्या –4

History has been created by our Corporation in its Golden Jubilee Year which has achieved a turn-around by registering profit of Rs.2.26 crores in the financial year 2005-06 as against loss of Rs.71 crores in the previous year.

The present Management has set a positive direction towards revival of the company. The revival package consists of waiving of the interest liability and converting GOI loan into equity, which constituted the major portion of the accumulated losses of Rs. 687 Crores as on 31.03.2005. The revival plan includes the financial package of paying Rs 60 Crores as preferential shares to be owned by the Cental Government for paying the arrears of salaries and clearing statutory liability of PF to the employees.



Due to the consistent efforts made by the Management under the new leadership with the support of the Ministry of Water Resource, the Corporation has achieved a record Turnover of Rs. 578 Crores in the current financial year (even before the approval of the Revival Plan) as against Rs. 305 Crores in the previous year registering growth of 89% which is the highest so far achieved by the Corporation.

The Management is confident that the Corporation will continue to sustain this turn around as it has its order book full for the next 3 years, it has bagged new works valued at Rs. 1536 Crores as against Rs. 692 Crores in the prevous year showing an increase of 122%, infact the orderbook position as on 31.03.2006 touched all time high of Rs 2491 Crores (more than Rs 3000 Crores as on September, 2006) as against the previous year's figure of Rs. 1547.10 Crores showing on increase of 61%.

We are sure that NPCC is poised for formidable roles in the country, which is needed for booming infrastructural sector in the current economic scenario.

## क्षेत्रीय प्रबन्धको का सम्मेलन

केन्द्रीय कार्यालय में 10,11 और 12 अगस्त 2006 को निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धकों का सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सी.एम.डी. महोदय ने सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन किया और बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य परियोजना निष्पादन, बकायों की वसूली, बन्द पड़ी यूनिटों के समापन, निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति आदि से सम्बन्धित विषयों पर खुलकर बातचीत करना है ताकि क्षेत्रीय प्रबन्धक स्वमेव स्वतंत्र मानसिकता के साथ निगम के हित में तेजी से काम कर सकें । अपने उद्बोधन में उन्होंने यह भी सूचित किया कि बी.आर.पी.एस.ई. ने निगम की पुनरूद्धार योजना को अपनी सहमति दे दी है तथा इसके पुनरूद्धार की प्रबल संभावना है। उन्होंने सहर्ष घोषणा की कि विगत दो दशकों में लगातार घाटा करते रहने के पश्चात वर्ष 2005–06 में निगम ने लाभार्जन किया है जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के इतिहास में शानदार उपलब्धि है। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबन्धकों का आह्वाहन करते हुए कहा आप न केवल अभी सर्वश्रेष्ठ है बल्कि आगे भी ऐसे ही साबित होंगे, निगम को नई ऊँचाईयों तक ले जाने के लिए मैंने जो परिकल्पना की हुई है उसे मूर्तरूप प्रदान करने के काम में मेरी भूमिका मात्र एक मार्गदर्शक की है। उन्होंने एनपीसीसी द्वारा पहले लिए गए ऋणों को चुकाने में सभी क्षेत्रीय प्रबन्धकों द्वारा दिए गए सहयोग की भी भूरि–भूरि प्रशंसा की। विस्तृत चर्चा के बाद इस सम्मेलन में लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किए जाने वाले विशेष प्रयत्नों, लाभप्रदता में सुधार, कर्मचारी प्रबन्धन प्रणाली , (ई.एम.एस.), परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करना तथा ग्राहकों की अधिकतम सन्तुष्टि आदि मुद्दे उभर कर आए जिन पर ध्यान देने की विशेष आवश्यकता महसूस की गई ।

तीन दिन चले इस सम्मेलन में सभी क्षेत्रीय प्रबन्धकों ने अपने–अपने जोन से सम्बन्धित क्रियाकलापों की जानकारी स्लाइडों की सहायता से प्रस्तुत की जिन पर विस्तृत विचार विमर्श का दौर चला। अन्त में उन्होंने कहा कि जो बाते मैंने बताई है , वे तात्कालिक समाधान हैं जिनका हमें ध्यान रखना है । नई बुलंदियों तक पहुँचने के लिए हमें अपनी जरूरतों के हिसाब से लगातार रास्ते तलाशने होंगे ।

## हिन्दी प्रतियोगितायें सम्पन्न

राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार और राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों में और अधिक जागरूकता लाने हेतु केन्द्रीय कार्यालय में 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में निगम मुख्यालय में 14 सितम्बर से 28 सितम्बर तक चले हिन्दी पखवाड़े के दौरान शब्द–ज्ञान एवं हिन्दी व्यवहार प्रतियोगिता, विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता एवं शीर्षक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सभी स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में बढ़–चढ़कर भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं।

प्रसंगवश विदित हो कि हिन्दी के प्रचार–प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमारे अपर महाप्रबंधक श्री सुब्रत बसाक को जल संसाधन मंत्रालय द्वारा 10 अक्टूबर 2006 को उनके सम्मेलन कक्ष में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अपर सचिव श्री एस. मनोहरन के हाथों सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन सचिव श्रीमती गौरी चटर्जी, संयुक्त सचिव श्री के.एस. रामसुब्बन, मंत्रालय के संयुक्त निदेशक (राजभाषा), उप निदेशक, सहायक निदेशक (राजभाषा), मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालयों एवं निगमों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी श्री विजय कुमार शर्मा ने इस अवसर पर एनपीसीसी का प्रतिनिधित्व किया।


National Projects Construction Corporation Limited

नेशनल प्रोजेक्ट्स कन्स्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड

सं. [illegible]/10/का-हिन्दी — दिनांक 11 सितम्बर, 2006

अपील

[illegible]

हिन्दी दिवस पर सबको शुभकामनायें।

(अरविन्द कुमार)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

वितरण : मानक सूची के अनुसार

## Successful Boiler Light-up at New Parli Thermal Project

The Hon'ble Chief Minister, Govt. of Maharashtra along with other dignitaries carried out successful the most important activity of Boiler Lightup of 250 MW New Parli Thermal Project, Unit 1 on 30th August 2006.



On this Occassion, General Manager (C) MSPGCL Parli V, through an appreciation letter, congratulated all the officers and staff of NPCC who have put in so much of hard work to make this event successful.

In another appreciation letter, General Manager(Gen. Project), MSPGCL, NPTP, Parli Vaijnath conveyed his thanks to all NPCC's engineers, workers and other staff who have worked hard for completion of the essential works required for the activities of Boiler Light-up.

### NPCC Secures Works Valuing Rs. 85139.27 Lakhs upto October 2006. Major Works Seured During September & October '06 Are As Under

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 25 Type-D, 32 Type-C, 160 Type-B & sub station Bldg for Stage II area of Kahalgaon STTP | |
| 2 | Construction of Annicut at Madku | |
| 3 | Construction of Annicut at river Arpa at Podi | |
| 4 | Construction of Annicut at river Maniyari at Khamardih | |
| 5 | Construction of Annicut at Dagori | |
| | Total : | 2902.26 LAKH |

PRESENT ORDERBOOK POSITION OF NPCC AS ON 31ST OCT'06 IS RS. 291614.63 LAKH

अन्ततः आपको वही मिलता है – जो आप देते हैं, चाहे वह नफरत हो, प्यार हो या आदर।

## Foundation Stone laid for College of Fisheries Lambucherra Tripura

NPCC was awarded the works of first phase of College of Fisheries at Lambucherra, Tripura in phased manner for Rs. 12 Crores approx. on Project Management and Consultancy basis in the year 2001 by Central Agricultural University, Imphal. The 1st phase of project



has been completed and handed over. Further, 10th plan works were awarded to NPCC in March 2005 with an estimated cost of Rs.15.00 Crores. approx to be completed in 24 months. Works amounting to Rs. 8.00 crores have already been completed..

The Foundation Stone of College Building as College of Fisheries, Lembucherra was laid on 28th August 2006 by Prof. V.L. Chopra, Hon'ble Member, Planning Commission and Chancellor, CAU, where Vice-Chancellor, CAU Dr. S.N. Suri was also present. After the ceremony, Prof V.L. Chopra and Dr. S.N. Suri reviewed the progress of works of NPCC at College of Fisheries and appreciated the progress of works and its quality.

## नई ऊँचाईयां छूने को उद्यत-एनपीसीसी

निगम के पुनरूद्धार हेतु अपनाई गई नीतियों तथा कामकाज के बदले परिवेश का प्रभाव दृष्टिगोचर होने लगा है । अठारह वर्षों के पश्चात वित्तीय वर्ष 2005–2006 के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए निगम ने 2.26 करोड रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जिसका अंकेक्षण नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा भी किया जा चुका है। व्यापार विकास में 115 प्रतिशत तथा कारोबार में 90 प्रतिशत की वृद्धि उक्त वर्ष में दर्ज हुई है ।

विगत दो दशकों में रूग्णता की स्थिति में रही एनपीसीसी में फिलहाल सितम्बर 2006 तक का वेतन भुगतान अद्यतन कर दिया गया है। त्यौहारों के अवसर पर किए गए इस भुगतान से निगमकर्मियों में नवीन उत्साह का संचार हुआ है, जिसका प्रभाव निश्चित रूप से उनकी निष्पादन क्षमता पर पड़ेगा ।

प्रगति करने में बहानों का कोई स्थान नहीं होता है। आज एनपीसीसी ने अपनी जमीन फिर से तलाशनी शुरू कर दी है। निगम ने अपना कारपोरेट आफिस अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित हो रहे गुड़गाँव (हरियाणा) के इंस्टीट्यूशनल एरिया में ले जाने हेतु हरियाणा अर्बन डवल्पमैन्ट ऑथारिटी के सैक्टर–44 में 2100 वर्ग मीटर का प्लाट सं. 148 आंबटित करवा लिया है। इसके कुल मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि भी जमा करवा दी गई है। कार्य निष्पादन में निगम की वर्तमान गति को देखते हुए आशा की जानी चाहिए कि आगामी दो वर्षों से पहले ही इस पर निर्माण कार्य सम्पन्न हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि निगम के नेहरू प्लेस, नई दिल्ली स्थित पंजीकृत कार्यालय की आन्तरिक साज–सज्जा की गई है, जिसमें उपलब्ध जगह का बेहतर ढंग से उपयोग करते हुए मंडल कक्ष को भी नया रूप प्रदान किया गया है। इस सुसज्जित कार्यालय का उद्घाटन जल संसाधन मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रशासन श्री के.एस. रामसुब्बन ने दीप जलाकर किया ।

## Shri N.V. Natarajan Bags Vijay Shree Award

Shri N.V. Natarajan, DGM, North East Zone (C) has bagged the Vijay Shree Award and Certificate of



Excellence from 'India International Friendship Society' during a Seminar held on Economic Growth and National Integration. The Award and the Certificate of Excellence was given away by Shri Haroon Yusuf, Hon'ble Minister for Transport and Power, Govt of Delhi in the presence of Hon'ble Minister of Water Resources Prof. Saif-ud-Din Soz and Shri Bhism Narain Singh, ex-Governor of Tamil Nadu and other high profile dignitaries.

NPCC FAMILY CONGRATULATES SHRI N.V. NATARAJAN ON RECIEVING THIS AWARD

जिस व्यक्ति में संकल्प की दृढ़ता है, उसके पास भाग्य मित्र बन कर रहता है।

## Foundation Stone Laying Ceremony by Hindustan Aeronautics Ltd Banaglore

Shri Arbind Kumar, Chairman and Managing Director, N.P.C.C Limited, visited Banglore on 18th July, 2006 to participate in the foundation laying ceremony of the new works worth Rs 68.55 crores awarded by HAL. The functions were organized at the following three venues.



1. Site of proposed hanger and services for HAWK & LCA.
2. Site of proposed A & B Type Quarters.
3. Site of proposed C Type and Sr. Officer's Quarters.

The foundation stones were laid by Shri A.K. Saxena Managing Director, HAL, in the presence of Shri M.S. Nadgir, Director (Design & Development) and other Senior officials of HAL. Shri Arbind Kumar, CMD, N.P.C.C Limited, participated in all the ceremonies and also had interaction with Senior Officials of HAL during the function. While Concluding Shri ArbindArbind Kumar, CMD, N.P.C.C assured Managing Director, HAL, a qualitative completion of all the below mentioned projects awarded to NPCC within the scheduled time frame.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Multistoried quarters and ellied services | Rs. 30.51 crore |
| 2 | Construction of finished goods hanger in aerospace division | Rs. 3.63 crore |
| 3 | Construction of Building including electrification and services for HAWK-AJT Project at Aircraft division | Rs. 20.21 crore |
| 4 | Construction of Building including electrification and services for HAWK-AJT Project at Aircraft division | Rs. 14.20 crore |

## विश्वकर्मा पूजन

सृष्टि निर्माता के रूप में विख्यात भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने की परम्परा हमारी निगम में रही है । विश्वकर्मा पूजा अंग्रेजी कलैंडर के अनुसार प्रतिवर्ष 17 सितम्बर को आयोजित की जाती है। निगम के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए इस वर्ष फरीदाबाद स्थित केन्द्रीय कार्यालय में विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया । इस अवसर पर हवन व पूजन किया गया। सीएमडी सहित वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने पूजा–अर्चना में भाग लिया । इस अवसर पर लंगर भोज भी रखा गया, जिसमें लगभग सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसाद ग्रहण किया ।



पूजा के पावन अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अरविन्द कुमार ने कार्यालय प्रांगण में स्वयं खेलकर बैडमिंटन कोर्ट का विधिवत उदघाटन किया । विदित हो कि केन्द्रीय कार्यालय में खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक समिति गठित की जा चुकी है । अगले दिन 19 सितम्बर 2006 को पूरे भक्ति भाव से भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का विसर्जन कर दिया गया ।

एन.पी.सी.सी. के उत्तरांचल और मध्य प्रदेश जोन के पते इस प्रकार हैं :–

**अपर महाप्रबन्धक,**
एन.पी.सी.सी लिमिटेड
उत्तरांचल जोन,
जीवन गढ लेन, चकरोता रोड़
विकास नगर, देहरादून (उत्तरांचल)
मो. : 09411339787 ,
फैक्स : 01360–250972
कार्यालय : 01360–250972

**अपर महाप्रबन्धक,**
एन.पी.सी.सी लिमिटेड
मध्य प्रदेश जोन,
प्लाट नम्बर – 9
नव दूर–संचार कालोनी
गुलमोहर, भोपाल म.प्र.
फोन : 0755–4075015

Printed and Published by Vijay Kumar Sharma, Senior Hindi Officer and Mrs Rekha Ghuman, Deupty Manager(P&A)(Ex-Officio Officer) for and on behalf of N.P.C.C Ltd., Corporate Office Plot No. 67-68, Sector - 25 Faridabad (Haryana) for Internal Circulation and printed by Beyond In Design, 124 A/2, Katwaria Sarai, New Delhi -110016